जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/1009 दिनांक : 29.09.2020

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

अंतिम सूचना

विषयः- **एम0ए0, एम0कॉम, एम0एस0सी0, एम0एस0सी होम साइंस द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 (ए.टी.के.टी. (नियमित/अंसंस्थागत) के असाइनमेंट परीक्षा के अंक प्रदत्त लिंक पर ऑनलाइन अपडेट करने वावत्।**

सन्दर्भः- म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020 एवं विश्वविद्यालय का पत्र क्रमांक 899 दिनांक 15.09.2020।

महोदय/महोदया,

शासन के निर्देशानुसार **एम0ए0, एम0कॉम, एम0एस0सी0, एम0एस0सी होम साइंस द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 (नियमित/अंसंस्थागत) परीक्षा जून, 2020** का परीक्षा परिणााम असाइनमेंट के आधार पर घोषित किया जाना है।

उक्त संबध में विश्वविद्यालय द्वारा संदर्भित पत्र के माध्यम से असाइनमेंट के अंक अपडेट करने हेतु सूचित भी किया जा चुका है। किंतु कुछ महाविद्यालयों द्वारा आज दिनांक तक बी0ए0,बी0कॉम,बी0एस0सी0, बी0एच0एस0सी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के ए.टी.के.टी.(नियमित/अंसंस्थागत) परीक्षा जून, 2020 के परीक्षार्थियों के असाइनमेंट के अंक एम0पी0ऑनलाइन पर अपडेट नहीं किये गये है।

अतः आपको विदित कराया जाता है कि, एम0ए0, एम0कॉम, एम0एस0सी0, एम0एस0सी होम साइंस द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 **(नियमित)** के परीक्षार्थी, जिनकी सैद्वांतिक विषय की परीक्षा में ऐ0टी0के0टी है, के असाइनमेंट विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त लिंक **www.univexam.org/jiwaji/** पर ऑनलाइन अपडेट करें एवं एम0ए0, एम0कॉम, एम0एस0सी0, एम0एस0सी होम साइंस द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 के **(असंस्थागत)** परीक्षार्थियों के असाइनमेंट के अंक एम0पी0 ऑनलाइन पर दिनांक **05.10.2020** तक आवश्यक रूप से अपडेट करें। जिससे परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सकें।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट करने से शेष न रहें। विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एवं महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा। विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के आफलाइन आंतरिक मूल्यांकन के अंक मान्य नहीं किये जावेगे।निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय प्राचार्य/प्राचार्या ,जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा. कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. प्रबंधक, माइक्रोनिक इन्फोटेक सर्विसेज प्रा.लि अजमेर, की ओर असाइनमेंट के अंक ऑनलाइन करने हेतु लिंक प्रदान करने संबधी आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

उप/सहायक कुलसचिव(गोपनीय)